निरीक्षण ▶ शहपुरा के स्कूलों में डीईओ ने किया औचक निरीक्षण, कम उपस्थिति व कमजोर पढ़ाई उजागर

# शिक्षा में लापरवाही पर कई विद्यालयों को नोटिस





**नवभारत, जबलपुर।** परीक्षा नजदीक होने के बावजूद विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा नहीं दिए जाने पर जिला शिक्षा अधिकारी घनश्याम सोनी ने सख्त रुख अपनाया है। इसी क्रम में शहपुरा विकासखंड के विभिन्न शासकीय विद्यालयों का औचक निरीक्षण किया गया, जिसमें कई गंभीर अनियमितताएं सामने आईं।

निरीक्षण के दौरान पाई गई अनियमितताओं पर जिला शिक्षा अधिकारी ने संबंधित प्राचार्यों एवं शिक्षकों को नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण मांगा है। संतोषजनक जवाब न मिलने की स्थिति में अनुशासनात्मक कार्रवाई प्रस्तावित की जाएगी।

### बच्चों की उपस्थिति रही कम, पढ़ाई कराते नहीं मिले शिक्षक

निरीक्षण के दौरान शासकीय हाईस्कूल मनकेड़ी में बच्चों की उपस्थिति बेहद कम पाई गई। शिक्षक कक्षा में अध्यापन कराते नहीं मिले, उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन अधूरा था और शिक्षक व प्राचार्य डायरी भी संधारित नहीं मिली।

शासकीय उत्कृष्ट उमावि बेलखेड़ा में भी उपस्थिति कम रही। अध्यापन कार्य संतोषजनक नहीं पाया गया तथा कक्षा दसवीं में अधिकांश विद्यार्थी अर्धवार्षिक परीक्षा में असफल पाए गए। एक अतिथि शिक्षक लंबे समय से अनुपस्थित मिले।

### प्राचार्य अनुपस्थि, विद्यालय बंद करने की थी तैयारी

शासकीय कन्या उमावि बेलखेड़ा में प्रयोगशाला अव्यवस्थित पाई गई। शिक्षक कक्षाओं में पढ़ाने के बजाय स्टाफ रूम में बैठे मिले तथा अतिथि एवं व्यावसायिक शिक्षक अध्यापन में रुचि नहीं लेते पाए गए। शासकीय उत्कृष्ट उमावि बालक शहपुरा और शासकीय कन्या उमावि शहपुरा में भी बच्चों की उपस्थिति अत्यंत कम रही। कन्या उमावि शहपुरा में निरीक्षण के समय प्राचार्य अनुपस्थित थे और विद्यालय समय से पहले बंद करने की तैयारी में पाया गया।



रोड के साइड शोल्डर गायब गहराई बढ़ी



मगरहा पुल जुड़कर लगी ग्रिल पर बढ़ी झाड़ियां रोड तक आई

# सड़क पर झाड़ियां बढ़ने से साइड शोल्डर होने लगे गायब

**नवभारत, बेलखाडू।** जबलपुर से दमोह जोड़ने वाला NH-34 इस समय खस्ताहाल और लापरवाही की मार झेल रहा है। बेलखाडू के पास मगरहा नाला पुल की तस्वीरें और आसपास मार्ग की वर्तमान स्थिति इस हाईवे की सुरक्षा को लेकर गंभीर सवाल खड़े कर रही है।

**मगरहा नाला पुल की सुरक्षा ग्रिल को भी झाड़ियों पूरी तरह ढका, सड़क पर फैली बनीं खतरा-** इस पुल के पास लगी लोहे की सुरक्षा ग्रिल, जो वाहन को नाले में गिरने से बचाने के लिए लगाई गई थी, अब बिल्कुल दिखाई ही नहीं दे रही। वजह—ग्रिल के आसपास और ऊपर तक घनी झाड़ियाँ फैल गई हैं, झाड़ियाँ सड़क तक पहुँचकर साइड पट्टी को पूरी तरह ढक रही हैं। झाड़ियों की काँटेदार टहनियां दोपहिया वाहन चालकों और पैदल यात्रियों को चोटिल कर रही हैं,कई लोगों के हाथ-पैर घायल होने के मामले सामने आए हैं।स्थानीय लोगों का कहना है कि झाड़ियाँ इतनी तेजी से फैली हैं कि 'सुरक्षा के लिए लगी ग्रिल भी अब दिखती नहीं, और झाड़ियाँ सीधा सड़क तक फैलकर निकलने वालों को चोट पहुँचा रही हैं।'बड़ी और छोटी दोनों तरह की झाड़ियाँ लगातार बढ़ रही हैं, लेकिन उनकी कटाई महीनों से नहीं हुई।

**सड़क का साइड शोल्डर गायब - छोटे वाहन नीचे फिसलकर गिर रहे ,बड़े वाहन पलटते है-** तस्वीरों से यह भी साफ़ नज़र आता है कि हाईवे का साइड शोल्डर गहरे कटाव का शिकार हो गया है। जहाँ वाहन के लिए मिट्टी का सहारा होना चाहिए था, वहां अब तेज़ ढलान और गड्ढे बन चुके हैं। इसके कारण बाइक और स्कूटी किनारे जाते ही नीचे सरक जाती हैं।

कई चालकों के गिरने और घायल होने की घटनाएँ बढ़ी हैं,बड़ा वाहन किनारे से फिसले तो पलटने का खतरा रहता है, गड्ढे और कटाव की वजह से वाहन का फिर सड़क पर चढ़ पाना मुश्किल हो रहा है। स्थानीय लोगों ने बताया कि 'यहां साइड शोल्डर इतना टूट चुका है कि वाहन जरा सा भी किनारे जाए तो नीचे उतर जाता है और संभालना मुश्किल हो जाता है।'

### भारी वाहनों की आवाजाही से हालत और बिगड़ी

यह मार्ग एरिया का मुख्य कनेक्शन पॉइंट है। जबलपुर के लिए रोज़ाना मजदूर,छात्र-छात्राएँ,दफ्तर जाने वाले लोग,ग्रामीण,और भारी वाहन इसी हाईवे से गुजरते हैं। भारी वाहनों के वजन और कंपन से किनारे का कटाव और तेजी से बढ़ रहा है।

### लोगों की NHAI से यह है मांग

- मगरहा नाला पुल के पास झाड़ियों की तुरंत कटाई हो, सुरक्षा ग्रिल साफ़ दिखाई दे पैदल और दोपहिया चालकों को चोट लगना बंद हो, रोड पर बढ़ रही झाड़ियाँ हटाई जाएँ, सुरक्षा ग्रिल का प्रभाव बहाल हो।
- हाईवे के साइड शोल्डर को समतल कर दोबारा भरा जाए मिट्टी डालकर सड़क को मजबूती दी जाए,किनारे से फिसलने वाले वाहन हादसे से बचें।
- स्पीड लिमिट बोर्ड नहीं है चेतावनी बोर्ड,चिन्ह भी लगाए जाएँ।
- NHAI और प्रशासन की अनदेखी पर तस्वीरें स्पष्ट सवाल कर रही हैं कि हा-34 की स्थिति बेहद खराब है। सुरक्षा ग्रिल का झाड़ियों में गायब होना,साइड शोल्डर का टूट जाना और मेंटेनेंस नही होना इस मार्ग को दुर्घटना संभावित ज़ोन में बदल रहे हैं।

# सांसद निधि से भगत सिंह वार्ड में बनेगा सामुदायिक भवन

▶ 15 लाख की लागत से पनागर में निर्माण कार्य का हुआ भूमिपूजन




**नवभारत,पनागर।** नगर के भगत सिंह वार्ड में लंबे समय से चली आ रही सामुदायिक भवन की मांग अब पूरी होने जा रही है। सांसद निधि से स्वीकृत 15 लाख रुपये की लागत से बनने वाले सामुदायिक भवन का भूमिपूजन कार्यक्रम भव्य रूप से सम्पन्न हुआ। भूमिपूजन से पूर्व क्षेत्र स्थित मां के मंदिर में सांसद, विधायक एवं अन्य अतिथियों का शॉल, नारियल एवं माल्यार्पण कर आत्मीय स्वागत किया गया। इसके पश्चात विधिवत पूजा-अर्चना कर विकास कार्य के सफल संचालन की कामना की गई ।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सांसद आशीष दुबे एवं विधायक सुशील तिवारी उपस्थित रहे। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष रीना जैन, आनंद जैन 'मिन्चू', जिला ग्रामीण उपाध्यक्ष अंकुर जैन, नगर मंडल अध्यक्ष शैलेंद्र साहू, आनंद साहू, पूर्व मंडल अध्यक्ष गोवर्धन खेतपाल एवं सर्वेष मिश्रा की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम का संचालन अनिल वंशकार द्वारा किया गया। इस अवसर पर रामनिवास गौतम, संतोष सैनी, पूनम कुशवाहा, सुरेश पटैल, सतीश पटेल, सचिन पटैल, देवेंद्र कुशवाहा, गोंटिया सहित बड़ी संख्या में वार्डवासी मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में भगत सिंह वार्ड के पार्षद मुकेश वंशकार ने सभी अतिथियों एवं वार्डवासियों के प्रति आभार व्यक्त किया। वार्डवासियों ने सामुदायिक भवन निर्माण को वार्ड के सामाजिक एवं सामूहिक आयोजनों के लिए अत्यंत उपयोगी बताया।

## अंतर-जोन टेनिस बॉल पुलिस क्रिकेट टूर्नामेंट शुरू



**नवभारत,जबलपुर।** पुलिस परेड ग्राउंड में पुलिस अधीक्षक सम्पत उपाध्याय और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहरआयुष गुप्ता की उपस्थिति में तीसरा अंतर-जोन टेनिस बॉल पुलिस क्रिकेट टूर्नामेंट आज 8 जनवरी 2026 से शुरू हुआ। टूर्नामेंट में कुल 8 टीमें भाग ले रही हैं और फाइनल 18 जनवरी को खेला जाएगा। मैच के दौरान रक्षित निरीक्षक जयप्रकाश आर्य, सूबेदार योगेश चौकसे और पुलिस लाईन परिवार के बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।


**म.प्र. पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड**
कार्यालय मुख्य अभियंता (अउदा-नि.), ब्लॉक नं.- 4, शक्ति भवन जबलपुर, 482008

**निविदा सूचना**

**निविदा विशेषी. क्र. मुख्य अभियंता (अउदा-नि.)TC/2025/353 से TC/2024/358 क्रमांक 1589 दिनांक 06.01.2026**

(i) अउदा-निर्माण संभाग एमपीपीटीसीएल, जबलपुर के अन्तर्गत विभिन्न उपकेंद्रों पर 220 KV/132 KV वोल्टेज ट्रांसफॉर्मर हेतु फाउण्डेशन, सोक पिट, ऑयल टैंक इत्यादि के निर्माण से सम्बन्धित सिविल कार्य। (ii) अउदा-निर्माण संभाग एमपीपीटीसीएल, बालाघाट के अन्तर्गत विभिन्न उपकेंद्रों में 220 KV/132 KV वोल्टेज ट्रांसफॉर्मर हेतु फाउण्डेशन, सोक पिट, ऑयल टैंक इत्यादि के निर्माण से सम्बन्धित सिविल कार्य। (iii) 220 KV उपकेन्द्र सारणी में विभिन्न रख-रखाव कार्य। (iv) सहायक अभियंता (TLM) उपसंभाग सतना कार्यालय के सामने पेवर ब्लॉक, फिलिंग, बाउण्ड्रीवॉल एवं खिड़कियों में एल्युमिनियम सेक्शन एवं ग्लास का कार्य। (v) कार्यपालन अभियंता (परीक्षण) संभाग रतलाम एवं कार्यपालन अभियंता (अउदा-संधारण) संभाग रतलाम के रख-रखाव एवं संधारण कार्य। उपरोक्त कार्यों हेतु पात्र ठेकेदारों से ऑन-लाइन पृथक-पृथक निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। निविदा के खुलने की दिनांक एवं अन्य विस्तृत विवरण हेतु हमारी वेबसाइट **www.mptransco.nic.in** एवं **www.mptenders.gov.in** का अवलोकन अथवा दूरभाष क्र. 0781-2702128/2702276 पर कार्यालयीन समय में सम्पर्क करें।

म.प्र. माध्यम/123883/2026 **"विद्युत की बचत कीजिये"** **मुख्य अभियंता (अउदा-नि.)**


# घने कोहरे में बरेला हाईवे पर ओमनी कार पलटी

▶ तेज रफ्तार ट्रक ने मारी टक्कर, लोग घायल




**नवभारत, जबलपुर।** बरेला हाईवे पर देर रात घने कोहरे के कारण एक गंभीर सड़क हादसा हुआ। सहजपुर से बरेला की ओर लौट रही मजदूरों से भरी ओमनी कार को पीछे से आ रहे ट्रक (क्रमांक सीजी 10 बीजी 7866) ने तेज रफ्तार और लापरवाही से टक्कर मार दी। टक्कर के बाद कार सड़क पर पलट गई। हादसे में सभी कार सवार घायल हो गए। कई लोगों के पैरों में गंभीर चोटें आई, जबकि कुछ को मामूली चोटें आई। मौके पर अफरा-तफरी मच गई। घायलों को उनके परिजनों ने निजी वाहनों से जबलपुर के अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उनका इलाज चल रहा है। ट्रक चालक हादसे के बाद सड़क किनारे रुका और पुलिस को सूचना दे दी गई। पुलिस ने चालक के खिलाफ जांच शुरू कर दी है।

## तुलसा बाई साहू का निधन



**नवभारत, जबलपुर।** ज्योति नगर गढ़ा निवासी तुलसा बाई साहू का निधन हो गया है, वे गौरीशंकर साहू की पत्नी,मुकेश साहू की माता एवं अंशुल साहू की दादी थी। अंतिम संस्कार चौहानी देवताल में संपन्न हुआ।


**नाम सुधार सूचना**

मेरा नाम चरण जीत सिंह कुलार पिता श्री अमरजीत सिंह कुलार, माता श्रीमती जसमेल कौर कुलार एवं पत्नि अमनदीप कौर कुलार निवासी- प्लॉट नं.237, 238 फेस-2 जसूजा सिटी, धनवंतरी नगर, जबलपुर (म.प्र.) का शपथपूर्वक निम्न लिखित कथन करता हूँ कि:-यह कि मेरा नाम चरण जीत सिंह एवं मेरे पिता का नाम अमरजीत सिंह एवं माता का नाम जसमेल कौर एवं पत्नि का नाम अमनदीप कौर दर्ज है। जो कि गलत है अतः भविष्य में शासकीय, अशासकीय दस्तावेजों में सही नाम चरण जीत सिंह कुलार एवं मेरे पिता का नाम अमरजीत सिंह कुलार एवं माता का नाम जसमेल कौर कुलार एवं पत्नि का नाम अमनदीप कौर कुलार दर्ज किया जावे एवं जाना, पहचाना जाये।

| Old Name- | New Name- |
|---|---|
| 1. Charan Jeet Singh | 1. Charan Jeet Singh Kular |
| 2. Amar Jeet Singh | 2. Amar Jeet Singh Kular |
| 3. Jasmil Kaur | 3. Jasmil Kaur Kular |
| 4. Amandeep Kaur | 4. Amandeep Kaur Kular |

**नाम परिवर्तन सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं तनवीन कौर मोखा पति श्री हरकरण सिंह मोखा निवासी- 1112 पचपेढी, साउथ सिविल लाईन जबलपुर म.प्र. पिन कोड 482001 घोषणा करती हूँ कि विवाह के पूर्व मेरा नाम तनवीन भाटिया पिता जसमिन्दर सिंह भाटिया था। शादी के पश्चात मेरा नाम तनवीन कौर मोखा पति श्री हरकरण सिंह मोखा हो गया है। जो कि मेरे दस्तावेज आधारकार्ड, वोटर आईडी में दर्ज है। अतः मुझे तनवीन कौर मोखा के नाम से जाना, पहचाना जावे एवं समस्त दस्तावेजों में दर्ज किया जावे।

**पुराना नाम- तनवीन भाटिया (Tanveen Bhatia)**
**नया/सही नाम- तनवीन कौर मोखा (Tanveen Kaur Mokha)**


# सी.एम. राइज स्कूल सिहोरा में विकासखंड स्तरीय शैक्षिक प्रतियोगिता का भव्य आयोजन



**सिहोरा।** स्थानीय सी.एम. राइज शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में विकासखंड स्तरीय गणित, विज्ञान और सामाजिक विज्ञान प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में क्षेत्र के 8 जनशिक्षा केंद्रों से चयनित होकर आए 64 मेधावी विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ सहायक संचालक एवं बीईओ अरविंद सिंह धुर्वे, सीएम राइज प्राचार्य अशोक उपाध्याय, बीआरसीसी बृजेश श्रीवास्तव, उप-प्राचार्य शैलेन्द्र मिश्रा, बीएसी अश्विनी उपाध्याय एवं राकेश मिश्रा की विशेष उपस्थिति में हुआ। अधिकारियों ने दीप प्रज्वलन कर छात्र-छात्राओं का उत्साहवर्धन किया।

### विविध प्रतियोगिताओं में झलकी प्रतिभा

प्रतियोगिता के दौरान विद्यार्थियों ने न केवल विज्ञान और गणित के उत्कृष्ट मॉडल प्रस्तुत किए, बल्कि नाटक, एकल गीत (सोलो सांग) और अन्य सांस्कृतिक गतिविधियों के माध्यम से अपनी बहुमुखी प्रतिभा का परिचय दिया। निर्णायकों के रूप में अशोक पटेल, प्रखर गुप्ता, अमित जैन एवं मनीष विश्वकर्मा ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम के प्रबंधन में जन शिक्षक संजीव गुप्ता, रामकिशोर हल्दकार एवं के.जी. पाठक का विशेष सहयोग रहा।

**आकर्षण का केंद्र रहे ये विशेष मॉडल**

- प्रदर्शनी में कुछ मॉडलों ने सभी का ध्यान अपनी ओर खींचा।
- राम मंदिर मॉडल : अभय चौधरी (शा. मा. शाला सरोली)।
- गणितीय आकृतियाँ : वेदिका भूमिया (शा. मा. शाला रिठौरी)।
- रक्त परिसंचरण तंत्र : तांसू आर्मो (शा. मा. शाला खितौला खंपरिया)।
- चंद्रयान-3 : आकाश चौधरी (शा. मा. शाला घुघरा)।



## पनागर में 'विराट हिंदू सम्मेलन' की तैयारियां तेज, टैक्सी स्टैंड पर भव्य कार्यालय का हुआ उद्घाटन

**पनागर।** क्षेत्र में आयोजित होने वाले आगामी 'विराट हिंदू सम्मेलन' को भव्य और ऐतिहासिक बनाने के लिए तैयारियां युद्ध स्तर पर शुरू हो गई हैं। इसी कड़ी में पनागर स्थित टैक्सी स्टैंड में सम्मेलन के मुख्य कार्यालय का विधिवत उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर नगर के वरिष्ठ और कनिष्ट जनों सहित बड़ी संख्या में हिंदू समाज के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। उद्घाटन समारोह में मुख्य रूप से जिला कार्यवाह जयराज सिंह और कार्यक्रम के संयोजक समूह के सदस्य मौजूद थे, जिन्होंने दीप प्रज्वलन कर कार्यालय का शुभारंभ किया।

कार्यक्रम के दौरान उपस्थित सभी जनों ने एक स्वर में इस सम्मेलन को विराट स्वरूप देने का संकल्प लिया। कार्यकर्ताओं और नागरिकों ने न केवल व्यक्तिगत समय देने का वादा किया, बल्कि आर्थिक सहयोग की घोषणा भी की। आयोजन को जन-जन तक पहुँचाने के लिए एक विशेष योजना बनाई गई है, जिसके तहत हल्दी-चावल (पीले चावल) के माध्यम से पारंपरिक तरीके से पूरे पनागर खंड और नगर के घर-घर जाकर आमंत्रण दिया जाएगा। इस मुहिम का उद्देश्य हिंदू समाज को एकजुट करना और सम्मेलन में अधिक से अधिक भागीदारी सुनिश्चित करना है। कार्यालय खुलने के बाद अब सम्मेलन से जुड़ी गतिविधियों में और तेजी आने की उम्मीद है।


**M.P. ROAD DEVELOPMENT CORPORATION LIMITED**
(Govt. of M.P. Undertaking)
45-A, Arera Hills, Bhopal - 462 011, Madhya Pradesh (CIN : U45203MP2004SGC016758)
Ph. : 0755-2527290, 2765205 (EPBX), Fax : 0755-2572643, Web. : www.mprdc.gov.in
NIT No. 693/MPRDC/Procu/2026
MPRDC

**निविदा आमंत्रण**

म.प्र. सड़क विकास निगम लिमिटेड, भोपाल मुख्य जिला मार्गों एवं राज्य राजमार्गों को टू/फॉर लेन विथ पेव्हड शोल्डर करने हेतु फीजिबिलिटी प्रतिवेदन/डी.पी.आर. तैयार करने के लिये परामर्श सेवाओं हेतु ऑनलाइन निविदा आमंत्रित करता है :-

| पैकेज क्र. | क्र. | मार्ग का नाम | मार्ग की लंबाई (किमी. में) | पैकेज की लंबाई (किमी. में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रुपये में) | धरोहर राशि (रुपये में) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| पैकेज-एच (तृतीय आमंत्रण) | 1. | उचेरा-नागौद रोड | 36.00 | 382.46 | 20,000/- | 2,00,000/- |
| | 2. | अचारपुरा औद्योगिक क्षेत्र तक पहुंच मार्ग | 4.00 | | | |
| | 3. | दतिया-दिनारा रोड | 26.50 | | | |
| | 4. | अशोकनगर-ईशागढ़ रोड | 35.00 | | | |
| | 5. | गुना-अशोकनगर रोड | 44.83 | | | |
| | 6. | अशोकनगर-विदिशा (बंगला चौराहा) मार्ग | 35.57 | | | |
| | 7. | शाहगंज-बरखेड़ा मार्ग | 18.70 | | | |
| | 8. | भिंड-मिहोना-गोपालपुरा रोड | 50.86 | | | |
| | 9. | भिंड-भरौली-अमायन-लहार-आटियन रोड | 60.00 | | | |
| | 10. | गोहद-मऊ रोड | 32.00 | | | |
| | 11. | अशोकनगर-थूबोन-कुरवासा-तिगाड़ी रोड | 39.00 | | | |

निविदा क्रय करने, निविदा जमा करने आदि का विवरण की-डेट्स में दिया गया है। निविदा प्रपत्र केवल वेबसाइट **www.mptenders.gov.in** से **15:30 बजे दिनांक 05.02.2026 तक** क्रय किया जा सकता है। निविदाकारों को तकनीकी निविदा एवं वित्तीय दर केवल ऑनलाइन ही भरनी है। परिशिष्ट एवं शुद्धिपत्र (कोई भी) वेबसाइट **www.mptenders.gov.in** पर ही प्रकाशित किया जावेगा। निविदा खोलने के दिनांक को मध्यप्रदेश शासन द्वारा अवकाश घोषित करने पर उक्त कार्य अगले कार्यदिवस में संपादित किया जावेगा।

म.प्र. सड़क विकास निगम लिमिटेड को किसी भी निविदा को स्वीकृत या अस्वीकृत करने या समस्त निविदाओं को बिना कारण बताये अस्वीकृत करने का अधिकार होगा।

म.प्र. माध्यम/123901/2026 **प्रबंध संचालक**



**कार्यालय मुख्य अभियंता लोक निर्माण विभाग जबलपुर परिक्षेत्र जबलपुर**
AN ISO 9001 : 2015 CERTIFIED OFFICE

इंदिरा गांधी मार्ग, साऊथ सिविल लाईन, जबलपुर (म.प्र.) पिन- 482001
Phone No. 761-2621541
E-mail : cepwdcentral@nic.in
निविदा सूचना क्रमांक-20/सा/2025-26 जबलपुर, दिनांक-05/01/2026

**निविदा आमंत्रण सूचना**

निम्नलिखित कार्यो हेतु ई-टेण्डरिंग के द्वारा निविदा आमंत्रित की जाती है। यह निविदा वेबसाईट http://mptenders.gov.in पर देखी जा सकता है।

| स. क्र. | टेण्डर आई.डी. | जिला/ लो.नि.वि. संभाग | कार्य का नाम | आमंत्रण | ठेके की अनुमानित राशि (रू. लाख में) | अमानत राशि रू. | निविदा प्रपत्र राशि रू. | समयावधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1. | 2026_PWDRB_473347_1 | सिवनी | उपसंभाग लखनादौन के अंतर्गत गनेशगंज, लामटा, सुनवारा, पिण्डरई, देवरीटी का मार्ग लं. 27.90 कि.मी. का उन्नयन कार्य विद्युतीकरण सहित। | प्रथम | 6740.04 लाख | 34,72,000/- | 50,000/- | 16 माह वर्षाऋतु सहित |
| 2. | 2026_PWDRB_473349_1 | बालाघाट | उपसंभाग वारासिवनी के अंतर्गत कटंगी से लालबर्रा (मु.जि.मा.) मार्ग लं. 40.00 कि.मी. (सी.सी मार्ग) का निर्माण कार्य विद्युतीकरण सहित। | प्रथम | 9795.90 लाख | 48,98,000/- | 50,000/- | 24 माह वर्षाऋतु सहित |

टीपः-निविदा का विस्तृत विवरण म.प्र. शासन की निविदा पोर्टल http://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है। निविदा प्रपत्र उक्त वेबसाईट पर ऑनलाईन भुगतान करने पर प्राप्त हो सकेंगे। निविदा प्रपत्र ऑनलाईन क्रय करने की अंतिम तिथि 21/01/2026 समय 5:30 PM तक है। निविदा में होने वाले संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त बेवसाईट पर ही किया जावेगा। पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नही किया जावेगा।

**मुख्य अभियंता लो.नि. वि.**
**जबलपुर परिक्षेत्र जबलपुर**

जी-24081/25 स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता



**मध्यप्रदेश शासन नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण**
**कार्यालय कार्यपालन यंत्री (वि./यां.), संभाग क्रमांक-2, बरगीनगर, जबलपुर (म.प्र.)-482056**
E-mail ID : eeemdv2bargidam@gmail.com

**निविदा आमंत्रण सूचना वास्ते प्रकाशन**

निम्न कार्य की ऑनलाईन निविदा प्रतिशत दर (अपेडिक्स 2.10) ई-प्रोक्यूरमेंट सिस्टम प्रोर्टल www.mptenders.gov.in पर जारी की जा रही है। निविदा की संक्षिप्त जानकारी निम्नानुसार है-

| निविदा क्र. | ई. निविदा क्र. | कार्य का नाम | कार्य की अनुमानित राशि (रू.में) | धरोहर राशि (रू.में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य | निविदाकार की श्रेणी | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 126/तक. 2025-26 दिनांक 01/01/2026 (प्रथम आमंत्रण) | 2025-NVDA-473450_1 | रा.अ.बा.लो. सा. परि. बरगी बांध के बांया वार्श्व गैलरी में डिवाटरिंग कार्य हेतु 7 नग पम्प ऑपरेटर प्रदाय करने बाबत्। | 13,07,065.00 (रूपये तेरह लाख सात हजार पैसठ) मात्र | 26141.00 (रू. छब्बीस हजार एक सौ एकतालीस) | 2000.00 (रू. दो हजार)मात्र | प्रमुख अभियंता (लो.नि.वि.) भोपाल में पंजीकृत। | 12 दिन (अनुबंध की तिथि से) |
| | | | कुल योग रू. | 13,07,065.00 | | | |

1. निविदा प्रपत्र क्रय करने की तिथि अंतिम : 27/01/2026, 17:30 तक (केवल ऑनलाईन)। 2. प्राइज बीड जमा करने की तिथि अंतिम :27/01/2026, 17:30 तक (केवल ऑनलाईन)। 3.निविदा की धरोहर राशि खुलने की तिथि : 29/01/2026, 10:30 से 29/01/2026, 17:30 तक (केवल ऑनलाईन)। 4. प्राइज बीड खुलने की तिथि : 29/01/2026,10:31 से 29/01/2026 17:30 तक (केवल ऑनलाईन)। 5.निविदा प्रपत्र को उपरोक्त वेबसाईट पर केवल ऑनलाईन क्रय किया जा सकता है। ऑन लाइन पर भुगतान डेबिट/कैश कार्ड या इन्टरनेट बैंकिंग अकाउण्ट्स के माध्यम से किया जा सकता है। 6.निविदा की विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाइट www.mptenders.gov.in का अवलोकन करें।

**(शैलेन्द्र राठौर)**
**कार्यपालन यंत्री,**
**नर्मदा विकास (वि./याँ.) संभाग क्रमांक-2 बरगीनगर जबलपुर(म.प्र.)**

जी-24108/25 स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता



**कार्यालय कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग (भ/स) संभाग कटनी (म.प्र.)**
E-mail- eepwdkatni@nic.in I Phone No. 07622-224277

**निविदा आमंत्रण सूचना**

निविदा आमंत्रण सूचना क्रमांक 18/व.ले.लि./2025-26/ कटनी, दिनांक 05/01/2026

मध्यप्रदेश शासन लोक निर्माण विभाग में केन्द्रीयकृत व्यवस्थापन के अन्तर्गत ठेकेदार से राज्यपाल की ओर से निम्नलिखित कार्यो हेतु प्रमुख अभियंता लोक निर्माण विभाग भोपाल की प्रभावशील दर अनुसूची दिनांक 01.01.2024 (भवन) तथा दिनांक 11.04.2025 (सड़क) समस्त संशोधन सहित कार्य हेतु निविदायें आनलाईन Appendix 2.10 निविदा में आमंत्रित की जाती है बिड सेल आनलाईन https://mptenders.gov.in पर प्राप्त की जा सकेगी। निविदायें सम्बन्धित कार्यालय में टेण्डर टाईम शैडयूल के अनुसार खोली जावेगी।

| क्र. | टेण्डर आई.डी. क्रमांक | जिला | एस.ओ.आर. | कार्य का प्रकार | कार्य का नाम | आमंत्रण क्र. | अनुमानित लागत राशि (₹. लाख में) | कार्य की अमानत राशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की संभावित तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 |
| 1 | 2026_PWDRB_473304_1 | कटनी | 11/04/2025 | सड़क | लोक निर्माण विभाग संभाग कटनी के अन्तर्गत 20 मार्गो में STMC पद्धति के अन्तर्गत मरम्मत का कार्य कुल लंबाई 46.83 कि.मी.। | प्रथम | 143.29 | 143290.00 | 12500 | 12 माह वर्षा ऋतु सहित |
| | | | | | योग | | 143.29 | | | |

निविदा की कुल अनुमानित राशि रूपये 143.29 लाख (एक करोड़ तैतालिस लाख उनतीस हजार मात्र)

उपरोक्त वेबसाईट में आन लाईन भुगतान करने के उपरान्त निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्यूमेंट) वेवसाइट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगा। निविदा प्रपत्र क्रय करने तथा ऑनलाइन बिड सबमिशन की अंतिम तिथि 20/01/2026 सांय 17.30 बजे तक निर्धारित है। ई.एम.डी. केवल आर.टी.जी.एस./एन.ई.एफटी एवं अन्य दस्तावेज केवल आनलाईन माध्यम से ही प्राप्त की जावेगी। विस्तृत एन.आई.टी. एवं अन्य जानकारी का विवरण शासन की वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर देखी जा सकती है। निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाईट पर किया जायेगा। पृथक से समाचार पत्रों मे प्रकाशन नहीं किया जायेगा।

**कार्यपालन यंत्री**
**लोक निर्माण विभाग(भ/स) संभाग कटनी**

G-24084/25 बच्चों की मुस्कान है अनमोल, इसे सुरक्षित रखें हर हाल